# तीस हजार रुपए प्रतिमाह तथा बकाया कमीशन देने सहित नौ सूत्री मांग

## राशन डीलरों ने मांगें नहीं मानने पर एक अगस्त से हड़ताल शुरू करने की रणनीति बनाई

**सादुलपुर, (निसं)।** सादुलपुर राशन विक्रेता तहसील संघ कार्यकर्ताओं की एक बैठक रविवार को गुलाब भवन में अनिल बंसल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न मांगों का निराकरण करने तथा लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने के विरोध में एक अगस्त से हड़ताल शुरू करने आदि की रणनीति तय की गई।

बैठक में 30 हजार रुपए प्रति माह मेहनताना देने सहित नौ सूत्री मांगों के निराकरण नहीं होने पर हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर अनिल बंसल, नेतराम भाटी, सत्तार मोहम्मद, शंकर सिंह, विनोद कुमार रमेश कुमार, धर्मवीर सहारण, महावीर प्रसाद, देवेंद्र कुमार, रघुवीर सिंह, संजय कुमार, रणजीत सिंह, जसवंत, भीम सिंह, हवा सिंह, मोहर सिंह आनंद कुमार, कृष्ण कुमार, चेतराम व महेंद्र सिंह सहित दर्जनों राशन डीलरों ने बताया कि राशन डीलरों को मेहंताना तथा कमीशन नहीं मिलने के कारण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। राशन विक्रेता को प्रति माह 30 हजार रुपए मेहनताना देने तथा गेहूं पर 02 प्रतिशत कमीशन देने की मांग समय रहते पूरी नहीं हुई तो एक अगस्त से राशन वितरण व्यवस्था बंद कर हड़ताल करने का निर्णय लिया है।



कमीशन और मेहनताना की मांग को लेकर आयोजित बैठक में राशन विक्रेताओं ने रोष जताया।

राशन डीलर विक्रेता संघ के अध्यक्ष अनिल बंसल ने बताया कि गत 05-06 माह से केंद्र सरकार की ओर से दिया गया कमीशन व राज्य सरकार की ओर से दिया गया कमीशन आज दिनांक तक नहीं मिला है। जिसके कारण राशन विक्रेताओं के परिवारों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। बंसल ने बताया कि आधार सीडिंग की राशि प्रवासी योजना के तहत वितरण कराए गए गेहूं का कमीशन, तथा ईकेवाईसी का सीडिंग का

- **पोश मशीन राशन वितरण संघ के तहसील अध्यक्ष के पास जमा करवाने के निर्देश**

मेहनताना भी नहीं मिल रहा है तथा राशन विक्रेता की स्थित काफी दयनीय हो गई है। बंसल ने बताया कि राज्य सरकार बकाया कमीशन 31 जुलाई 2024 तक तथा अन्य मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 01 अगस्त 2024 से वितरण व्यवस्था को बन्द कर मांग के समर्थन में हडताल शुरू करेंगे। बैठक में डीलरों से पोश मशीन जमा करवाई गई। तथा जिन डीलरों ने पोस मशीन जमा नहीं करवाई है, उनसे सोमवार शाम तक जमा करवाने के निर्देश दिए गए। तहसील अध्यक्ष अनिल बंसल ने बताया कि सभी राशन डीलरों की पोश मशीन शपथ पत्र के साथ जमा करवाई गई है ताकि हडताल और आंदोलन के दौरान मशीन के साथ कोई गडबडी न कर सके।

# अंबेडकर छात्रावास में 500 पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा

**सादुलपुर, (निसं)।** अंबेडकर विकास संस्थान प्रांगण में 500 पौधे लगाने के लक्ष्य को पूरा कर पर्यावरण जागरूकता का संकल्प लिया गया।

शिक्षक नेता उम्मेद सुणिया की ओर से चलाए गए अभियान अंतर्गत अपने व अपने पुत्र डॉ. योगेश सुणिया के जन्म दिवस के उपलक्ष में 500 पौधों का पौधारोपण करने का लक्ष्य रखा गया था। संस्थान अध्यक्ष सतवीर बागोत ने

- **शिक्षक नेता उम्मेद सुणिया का अभिनंदन किया**
- **संस्थान को इनवर्टर बैटरी भेंट करने वाले शिक्षक संजीव मेहरा का भी सम्मान किया**

बताया कि संस्थान में रविवार को 51 पौधों का रोपण कर अभियान का समापन समारोह पूर्वक हुआ। उन्होंने बताया कि अभियान अंतर्गत अंबेडकर भवन व पंचायत समिति सहित शहर के सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया



अम्बेडकर विकास संस्थान राजगढ़ में 51 पौधे लगाकर अभियान का समारोह पूर्वक समापन किया।

गया तथा पौधों की देखभाल की भी जिम्मेदारी सौपी गई। इस अवसर पर शिक्षक नेता उम्मेद सुणिया का अभिनंदन भी किया गया।

कार्यक्रम में बनवारी लाल सुणिया, शिक्षक संघ अध्यक्ष मानसिंह मेहरा, शिक्षक सुमेर पूनिया, जिला बाल संरक्षण बोर्ड की सदस्य शर्मिला पूनिया, विजय पूनियां, अनिल पूनियां, रामकुमार धानिया, रोहतास जोईया, दुलीचंद भुक्कल, भगवान दायमा, सुभाष बागोत, चंद्रभान गोठवाल, राकेश गोठवाल, नाथूराम मीना, रघुवीर बाडेटिया, परमानंद मेहरा, रोहतास खेमाना सहित सैकडों लोगों ने कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।

डॉ. योगेश सुणिया ने पर्यावरण जागरूकता की आवश्यकता और महत्वता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्थान को इनवर्टर बैटरी भेंट करने वाले शिक्षक संजीव मेहरा का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश मेहरडा ने किया।

# 30 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी उपखंड के दुधवा में रविवार को सड़क के शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि मुलाराम, जिले सिंह थे, जबकि अध्यक्षता सरपंच राजबाला ने की।

कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने दुधवा पंचायत की लीलवा की ढाणी में 30 लाख रुपए की लागत से डेढ़ किलोमीटर तक बनाई जाने वाली सड़क का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। कार्यक्रम में विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि दुधवा पंचायत की लीलवा की ढाणी में आज तक सड़क नहीं बनने से यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसको लेकर बजट सत्र में राज्य सरकार के समक्ष मांग रखकर डेढ़ किलोमीटर की सड़क बनाने की स्वीकृति करवाई गई थी, जिसे जल्द ही तैयार कर आमजन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने

- **ग्रामीणों ने रोडवेज बस का संचालन करवाने की मांग की**
- **कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर थे**

बताया कि राज्य सरकार की ओर से खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र से 74.50 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा। इनमें मावंडा से मेहाड़ा, राजोरा से बसई व झोझू से नानूलाली बावड़ी, पपुरना से रामकुमारपुरा डाबला तक सड़को का निर्माण करवाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पेयजल की समस्या को लेकर बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। खेतड़ी के ऐतिहासिक खाली पड़े अजीत सागर बांध, मोड़ी ईलाखर बांध, रंवा बांध व काला भूजा बांध का जीर्णोद्धार कर पेयजल का सरंक्षण कर क्षेत्र में पेयजल की समस्या को दूर किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने मेहाड़ा से शिमला तक क्षितग्रस्त सड़क का निर्माण करवाने, मेहाड़ा से पूर्व में चलने वाली रोडवेज बस को दोबारा से शुरू करवाने की मांग की। इस दौरान विधायक ने पेयजल के लिए दस लाख रुपए देने तथा सड़क का निर्माण, रोडवेज बस का जल्द अधिकारियों से बात कर संचालन करवाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों की ओर से विधायक का साफा व माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस मौके पर राजेंद्र सिंह, मुंशीराम सरपंच, लीलाधर, हरिराम जागीदार,महेंद्र सिंह, सतीश कुमार, विश्वेंद्र नलपुरिया, विक्रम यादव, दिलीप यादव, रामोतार, रामसिंह, बेगराज, फूलाराम, विनित यादव, पवन यादव, सुबेदार अमरसिंह, होशियार सिंह, कृष्ण मिस्त्री, नरेश नंबरदार, साधुराम, मखनलाल, मुकेश टीबा, देवनारायण गुर्जर, प्रभू राजोता सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## युवक तथा सब्जी विक्रेता के साथ मारपीट का आरोप

**सादुलपुर, (निसं)।** हमीरवास थाना के गांव नीमा में एक शब्जी की दुकान पर सब्जी खरीदने आए व्यक्ति तथा दुकानदार के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दो युवकों ने लोहे के पाइपों से मारपीट कर 25-30 हजार रुपए जबरदस्ती ले जाने के आरोप में रविवार को मामला दर्ज किया है।

थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि मुकेश मेघवाल निवासी नीमां ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 27 जुलाई को शाम 7.30 बजे गांव नीमा बस स्टैण्ड पर अपनी सब्जी की दुकान पर था। इसी दौरान गांव का ही पवन राजपूत उसकी दुकान पर सब्जी लेने आया था। करीब पांच मिनट बाद गांव के सुरेन्द्र गुर्जर तथा बलजीत गुर्जर मोटरसाईकिल पर सवार होकर आए तथा उसकी दुकान में घूसकर हाथ में लिये हुए लोहे के पाइप से पवन के साथ मारपीट करने लगे तथा मेरी सब्जी को इधर उधर बिखेर कर सब्जी बर्बाद कर दी। जिसका विरोध किया तो उसके साथ भी मारपीट कर जाति सूचक गालियां दी।

# भाजपा नर को नारायण मानकर सेवा करने वाली पार्टी है : राजेन्द्र राठौड़

- **पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने चूरू नगर मण्डल कार्यसमिति में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया**

**चूरू, (कासं)।** राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा है कि भाजपा सत्ता के लिए नहीं बल्कि नर को नारायण मानकर आमजन की सेवा करने वाली पार्टी है।

राठौड़ ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र धर्म को मानने वाला कार्यकर्ता है। भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम और मेहनत का ही परिणाम है कि आज यह पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है। राठौड़ रविवार को चूरू नगर मण्डल उत्तर व दक्षिण मण्डल कार्यसमिति में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता पंचनिष्ठाओं से जुड़े हुए हैं।

राठौड़ ने कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा के अलावा इस प्रकार के संगठनात्मक कार्यक्रम किसी पार्टी में नहीं होते और अगर होते हैं तो वहां अनुशासन हीनता की पराकाष्ठा होती है और कार्यकर्ता एक दूसरे के कपड़े फाड़ने पर उतारू हो जाते हैं परन्तु भाजपा का कार्यकर्ता अनुशासित रहकर पार्टी के कार्यक्रमों को सम्पादित करता है। राठौड़ ने प्रदेश व केन्द्र सरकार के द्वारा प्रस्तुत बजट की चर्चा करते हुए कहा कि इन बजट में देश व प्रदेश को विकसित बनाने का रोड़ मेप दिखाई देता है। यह बजट देश के किसान गरीब व मजदूर के लिए कल्याण करने वाला बजट है। इस बजट में किसान को केन्द्र में मानकर योजनाएं बनाई गई हैं। जिससे देश का किसान खुशहाल होगा। राठौड़ ने नगर मण्डल कार्यसमिति के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि हम सब कार्यकर्ता इसको अपना दायित्व मानें कि किस प्रकार आम जन से चर्चा करके देश व प्रदेश सरकार की लोकहित की नीतियों का लाभ आम जनता तक पहुंचे। इस अवसर पर बोलते हुए चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अपने 6 माह के कार्यकाल में यह दर्शा दिया है कि शीघ्र ही राजस्थान देश का अग्रणी राज्य होगा।

सहारण ने बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि चूरू के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व उन्होंने खुद ने जो कुछ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से मांगा वो सब कुछ दिया गया। सहारण ने चूरू विधानसभा में विभिन्न घोषणाओं की चर्चा करते हुए कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार में केवल मात्र घोषणा ही की जाती थी परन्तु अब इस सरकार के शासन में योजनाओं को फलीभूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यसमिति से कार्यकर्ता में उर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, भगवान परशुराम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर द्वीप प्रज्जवलन करके व वन्देमातरम से हुआ। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी ने सभी का स्वागत किया। कैलाश शर्मा ने राजनैतिक प्रस्ताव प्रस्तुत किया और उस राजनैतिक प्रस्ताव का अनुमोदन मण्डल अध्यक्ष मण्डल सुरेश सारस्वत ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता फतेहचन्द सोती, विमला गढ़वाल, सीताराम लुगरिया, अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, नरेन्द्र सैनी, नरेन्द्र काछवाल, विक्रम सिंह कोटवाद, हेमसिंह शेखावत, महेन्द्र न्यौल, मोहनलाल गढ़वाल, श्रीराम सैनी व सत्तार खान मचस्थ रहे। कार्यक्रम का संचालन मण्डल महामंत्री सुनील खटीक ने किया।

# महिने के आखरी रविवार को बाजार रहा बन्द

**सादुलपुर, (निसं)।** संयुक्त व्यापार मण्डल सादुलपुर के आव्हान पर 28 जुलाई रविवार को सादुलपुर का सम्पूर्ण बाजार बन्द रहा। वहीं इसी दौरान बाजार बन्द के चलते शहर में सन्नाटा पसरा रहा। हांलाकि खरीददारी करने आये कुछेक लोगों को दुकानें बंद रहने से परेशानी उठानी पड़ी तो वहीं दूसरी ओर दुकानों में काम करने वाले लोगों ने महिने में एक अवकाश मिलने पर खुशी जताई।

मनोज कुमार शर्मा, सुरेश कुमार प्रजापत, सुबेसिंह गुवारिया, राजेन्द्र बुरडक, उदयभान, संजय स्वामी आदि ने बताया कि महिने में आखरी रविवार को संयुक्त व्यापार मण्डल के अध्यक्ष पवन मोहता, उपाध्यक्ष धमेन्द्र महला के आव्हान पर बाजार बन्द रखने का निर्णय लिया गया था, जो कि एक तरफ तो ठीक है, दूसरी तरफ इस मंहगाई के दौर एवं व्यापार ठप्प होने के कारण दुकानदारों के सामने दुकानों का किराया चुकाने तक की नोबत आई हुई है, इस कारण उचित भी नहीं है। महिने में आखरी रविवार को बाजार बन्द रखने के कारण हर माह प्रत्येक रविवार को ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ग्रामीण खरीददार बाजार में बहुत कम आते हैं, इस कारण दुकानदारों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो रहा है। जिसका मुख्य कारण बाजार में अधिकांश लोग किराये की दुकानें लेकर व्यापार करते हैं तथा दुकानों को किराया बहुत अधिक होने कारण बहुत से दुकानें तो 5-6 माह के बाद खाली हो जाती है।

## डाईट में पौधारोपण किया

**चूरू, (का.सं.)।** नगर परिषद की ओर से डाईट कार्यालय में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ , विधायक हरलाल सहारण, पैरालंपिक समिति अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने पौधारोपण किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष विमला गढवाल, आयुक्त अभिलाषा सिंह, प्राचार्य गोविन्द सिंह राठौड सहितज नप्रतिनिधि एवं कार्मिक मौजूद रहे।

नगर परिषद् के सफाई कर्मचारियों ने इस पोधा रोपण कार्यक्रम में 4000 पोधे लगाये। इस मौके पर राजेन्द्र राठौड ने कहा कि आधुनिकता और विकास के इस दौर में हम प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। जिसका दुष्परिणाम हमको भुगतना पड़ेगा। इसलिए हमको अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा का जिम्मेदारी लेनी चाहिए। आमजन की सहभागिता भी देखी जार ही है।

# लोगों पर दर्ज मामले वापस लेने की मांग

**सादुलपुर, (निसं)।** मनीषा स्वामी मौत प्रकरण में राजस्थान मृत शरीर का सम्मान अधिनियम 2023 अंतर्गत तथा अन्य धाराओं में लोगों पर पुलिस द्वारा दर्ज किये गये मामले को स्वामी समाज के प्रतिनिधि विक्रम स्वामी ने वापस लेने की मांग कर उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत की है। स्वामी ने बताया कि जिस तरह से पुलिस प्रशासन ने समझौता वार्ता व बच्ची के अंतिम संस्कार के बाद पीड़ित परिजनों तथा न्याय की मांग कर रहे सर्वसमाज के लोगों पर मुकदमे दर्ज कर लोगों को डराने व उनका ध्यान भटकाने का जो प्रयास किया है वो न्याय संगत नहीं है। उन्होंने पीडितों व न्याय की मांग कर रहे निर्दोष लोगों पर से मुकदमे वापिस लिए जाने, मेडिकल बोर्ड पोस्टमार्टम की रिपोर्ट की पारदर्शिता सुनिश्चित करने एफआईआर नंबर 32 पर तुरंत पारदर्शी अनुसंधान शुरू करने की मांग की है। गौरतलब है 23 जुलाई को शहर के वार्ड 23 निवासी मनीषा स्वामी का शव राष्ट्रीय राजमार्ग 52 चूरू बाईपास पर मिला था। इसके बाद शहर में धरना प्रदर्शन करने तथा सोशल मीडिया पर भीड का इक्कठा करने व भडकाऊ भाषण करने, शव का सही समय पर अंतिम संस्कार नहीं करने, शव को सडक आम पर रखकर उसका अपमान करने, रास्ता रोककर आमजन को बाधा पहुंचाने, राज कार्य बाधित करने जैसे जुर्म के आरोप में एक दर्जन से अधिक नामजद तथा 70-80 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# नगरश्री में शिक्षाविद्ों का अभिनंदन

**चूरू, (कासं)।** स्थानीय नगरश्री सभागार में मित्र परिषद् के तत्वावधान में शनिवार देर रात प्रधानाचार्य कासम अली, उप प्रधानाचार्य जाकिर हुसैन व वरिष्ठ सहायक पृथ्वीराज शर्मा का नागरिक अभिनंदन किया गया।

जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता डीईओ गोविन्द सिंह राठौड़ ने की। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि पूर्व एडीपीसी सांवरमल गहनोलिया, एडीशनल एसपी इस्मायल खान व रेसा वीपी के प्रदेश सदस्य भंवरलाल गुर्जर थे। इस अवसर पर गोविन्द सिंह राठौड़ ने कहा कि राजकीय सेवा में जिन उदेश्यो के लिए लोग आते हैं और वे जब सेवा भाव के साथ अपने कार्यकाल के समापन पर सेवानिवृत होते हैं, तो जिन लोगों ने वास्तिविक रूप से सेवा भावना से काम किया है। ऐसे लोगों का सम्मान जरूरी है। इस अवसर पर सांवरमल गहनोलिया ने कहा कि सामाजिक सेवा के साथ-साथ राजकीय सेवा में भी कर्तव्य परायणता से कार्य करने वाले लोगों का सम्मान हमेशा दिलो में बना रहता है। इस अवसर पर इस्माईल खान ने कहा कि ईमानदारी से कार्य करने वाले लोगों का सम्मान प्रत्येक व्यक्ति मन से करता है। इस अवसर पर भंवरलाल गुर्जर ने कहा कि कर्मचारियों के हितों के लिए इन अधिकारियों ने हमेशा संघर्ष किया है।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य कासम अली ने कहा कि वे हमेशा इसी प्रकार लोगों से जुड़ाव रखेंगे और सेवानिवृति के बाद समाज के लिए और भी समय निकालेंगे। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य जाकीर हुसैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस अभिनंदन समारोह से अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वरिष्ठ सहायक पृथ्वीराज शर्मा ने कहा कि यह लोगों का प्यार ही है जो हमे इस अभिन्नदन के काबिल बनाया। कार्यक्रम का आगाज विजय लक्ष्मी शर्मा ने सरस्वती वंदना से किया। इस अवसर पर किशन लाल गहनोलिया, प्रकाशचन्द्र और मधु शर्मा ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। जगदीश खेड़ीवाल ने गीत के माध्यम से लोगों का मन मोह लिया। मित्र परिषद् के सरक्षक विजेन्द्र दाधीच ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर खालिद तुगलक, रामकुमार खिचड़, सत्यनारायण सैनी, गोपाल सिंह, जयप्रकाश सैनी, गोपाल सिंह राधव, रणजीत गहनोलिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रवि दाधीच ने किया।

# झुग्गी बस्ती के लोगों ने प्रशासन का पुतला जलाया

**सादुलपुर, (निसं)।** झुग्गी झोपड बस्तियों में गत दिनों बारिश का पानी भर जाने के कारण हुए नुकसान से पीड़ित तथा रोजी रोटी को तरसते लोगों ने आवासीय पट्टे जारी करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर एडवोकेट गायत्री पूनिया के नेतृत्व में रविवार को

- **पीड़ित बोले 21 दिन बीत गए नहीं हो रही कोई सुनवाई**
- **गत दिनों बारिश का पानी भर जाने से हुआ था नुकसान**

प्रशासन के पुतले का दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

गौरतलब है कि बारिश का पानी झुग्गी झोपडी में भर जाने के कारण बस्ती के लोगों का घरेलू सामान और खाने पीने का सामना नष्ट हो गया था। इसके बाद से लोग लगातार प्रशासन से राशन तथा आवासीय पट्टे की मांग कर रहे हैं। लेकिन 21 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है और ना ही जरूरतमंद लोगों की मदद हो सकी। मांगों के समर्थन में खेमाणा रोड पर स्थित झुग्गी बस्ती के लोग एडवोकेट



मांगों को लेकर पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

गायत्री पूनियां के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए पुतले का दहन किया तथा मांग के समर्थन में प्रशासन के खिलाफ नारे बाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

वहीं बस्ती के लोगों ने बताया कि नए कोर्ट के पीछे कई वर्षो से लोग झुग्गी में रहते हैं तथा कचरा बीनकर अपना जीवन यापन करते हैं। स्थाई निवासी होने के कारण इनको वोट का अधिकार तो दे दिया लेकिन सरकारी सुविधाओं और योजनाओं से आज तक वंचित है तथा शिक्षा से दूर और अनपढ होने के कारण आज भी सैंकड़ों लोग समाज की मुख्य धारा से दूर हैं। झुग्गियों के भूमि हीन लोगों को भूमि आवंटित हो, बरसात में तबाह हुई झुग्गियों का मुआवजा देने, झुग्गियों के लोगों को निःशुल्क राशन योजना से जोड़ा जाने, खाद सुरक्षा योजना का बंद पडा पोर्टल चालू किया जाने, प्रशासन बारिश में झुग्गी बस्ती के लोगों की भोजन की व्यवस्था करने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता गायत्री पूनिया एडवोकेट सादुलपुर जिला चूरू का कहना है कि गत काई वर्षो से पांच दर्जन से अधिक परिवार झुग्गी झोपडी बनाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। जिनके पास रहने को घर तक नहीं है खाने को भोजन नहीं है। वर्षो बाद भी यह लोग रोटी कपडा ओर मकान के लिए भटकने को मजबूर हैं।

## शक्ति केन्द्रों पर भाजपाईयों ने सुनी मन की बात

**चूरू, (कासं)।** भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ शहर मण्डल के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ताओं ने शहर मण्डल के पांचों शक्ति केन्द्रों पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 112 वें संस्करण का लाइव प्रसारण सुना।

भाजपा शहर मण्डल के नेताजी सुभाषचन्द्र बोस शक्ति केन्द्र पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने भाजपा कार्यकताओं के साथ मन की बात का लाइव प्रसारण सुना। भाजपा शहर मण्डल संयोजक महेश सैनी ने बताया कि शहर मण्डल के पांचों शक्ति केन्द्र पर भाजपा पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं ने मन की बात का लाइव प्रसारण सुना है। मन की बात कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस ओलम्पिक के लिए खिलाडियों का उत्साहवर्धन करने के लिए देशवासियों से अपील की है। पेरिस ओलम्पिक में खिलाडी भारत का मान बढ़ाने वाले है।

उन्होंने बाघ मित्र कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम एवम आगामी 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के विषय में विस्तार से बात रखी है।

इसके अलावा नेशनल हैंडलूम डे एवम परी प्रोजेक्ट के बारे में भी मन की बात में विषय रखा। इस दौरान पांचो शक्ति केन्द्रों पर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पार्क की चार दीवारी, सामुदायिक भवन में टीन शेड व हॉल का लोकार्पण किया

**चूरू, (कासं)।** स्थानीय विधायक कोष से निर्मित अग्रसेन नगर स्थित श्रीराम मन्दिर के सामने के पार्क की चार दीवारी और सामुदायिक भवन में टीन शेड व हॉल का लोकार्पण पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण एवं पद्म

- **पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण एवं देवेन्द्र झाझड़िया का अभिनंदन किया**

विभूषण देवेन्द्र झाझड़िया ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेन्द्र राठौड़, विषिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण, विषिष्ट अतिथि पैरालम्पियन देवेन्द्र झाझड़िया को माला, साफा, शॉल, श्रीफल, स्मृति चिह्न भेंटकर अग्रसेन नगर समग्र विकास समिति की ओर से अभिनन्दन किया गया। मंच पर उपस्थित नगर परिषद के पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बसन्त शर्मा, समिति के पूर्व अध्यक्ष हनुमानसिंह राठौड, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी



पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण एवं देवेन्द्र झाझड़िया ने लोकार्पण किया।

विक्रमसिंह कोटवाद और समिति के अध्यक्ष मदनलाल राजपुरोहित का भी स्वागत किया गया। भूमिका लाटा और पंकज ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। इस मौके पर वैद्य बनवारीलाल शर्मा, जिलेसिंह राव, प्रो. सुरेन्द्र डी. सोनी, महेन्द्र कुमार शर्मा ठेकेदार, कप्तान के. के. शर्मा, एन. के लाटा, सागरमल बजाड़, रामनिवास सोनी, कल्याणसिंह राजपुरोहित, विनोद कुमार जांगिड़, एडवोकेट योगेश कुमार शर्मा, बुजेन्द्र दाधीच, रतनसिंह शेखावत, शंकरलाल स्वामी, धर्मपालसिंह बीका, जुगलसिंह राठौड़, गजानन्द खेड़ीवाल, हुकमचन्द गौड़, ओमप्रकाश इन्दौरिया, राजेन्द्र शर्मा मुसाफिर, एड. संदीपकुमार शर्मा, दिनेषकुमार स्वामी, मनमोहन महर्षि, देवेन्द्र सिहाग, पवनकुमार शर्मा, किशनलाल बागोरिया, सोहनलाल शर्मा, डॉ. रविकान्त शर्मा, अशोक कुमार स्वामी, मोहनलाल शर्मा, राजेन्द्र कुमार राजपुरोहित, सोमेश शर्मा, श्रीकिशन सारस्वत, किशनलाल शर्मा, दिनेश कुमार अग्रवाल, रवीन्द्र शर्मा, किशनसिंह राठौड़, मुन्नी देवी, सुशीला लुहार, किरण लुहार, राजबाला आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।